दिनांक-04जनवरी2020

स्वच्छ भारत अभियान स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

पाॅलीथीन कचरे का हो रहा बेहतर निष्पादन , स्वच्छ सर्वेक्षण में जुटा है भिलाई निगम

भिलाईनगर। स्वच्छ सर्वेक्षण में भिलाई को नंबर वन बनाने भिलाई निगम प्रशासन सहित सभी लोग जुटे हुए है। सड़के, गली, मोहल्लों में सफाई और डोर टू डोर कचरा संग्रहण कार्य प्रतिदिन जारी है। निगम के सफाई कर्मचारी नालियों, शौचालयों, खुले व सार्वजनिक स्थलों की सफाई सघन तौर पर करने के साथ ही झिल्ली-पन्नी के कचरे का उठाव भी प्रतिदिन करने लगे है। निगम क्षेत्र से निकलने वाले पाॅलीथीन के कचरों के बंडल को बेहतर निष्पादन करने को हर पांचवे दिन सीमेंट फैक्ट्री भेजा जा रहा है। प्रमुख बाजारों की दिन व रात दोनों पाली में सफाई करने के साथ निदान 1100 की शिकायतों कर निराकरण शीघ्रता के साथ होने लगा है।

झिल्ली पन्नी के कचरे को मुक्त करने अब और भी बेहतर कार्य होने लगा है , भिलाई निगम क्षेत्र से प्रतिदिन बहुतायत मात्रा में झिल्ली , पन्नी का कचरा निकलता है। कचरे को निगम के नेहरू नगर , खुर्सीपार और रूआंबांधा स्थित एसएलआरएम सेंटर में एकत्रित कचरों का पृथकीकरण के बाद सूखे कचरे से प्राप्त पाॅलीथीन को बेलिंग मशीन से बंडल बनाया जाता है जिसे सीमेंट कंपनी में निष्पादन हेतु भेजा जा रहा है। इस कार्य में तेजी आने के बाद अब निगम क्षेत्र में पाॅलीथीन के कचरों का ढेर भी काॅफी कम हो चुका है। प्रमुख बाजार वाले क्षेत्रों में दिन व रात में सफाई तथा रहवासी क्षेत्र में प्रतिदिन डोर टू डोर कचरा कलेक्शन निर्धारित समय में होने लगा है। सड़क की सफाई, कचरा संग्रहण, नालियों की सफाई, रहवासी क्षेत्र व खुले क्षेत्र में कचरा एवं मलबे का उठाव का मौके पर निगम के अधिकारी उपस्थित होकर जायजा ले रहे है। नागरिकों को स्वच्छ सर्वेक्षण की जानकारी देकर उनका फीडबैक लिया जा रहा है।

जनसम्पर्क अधिकारी